आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 08.11.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल देहरादून में उत्तराखंड गठन के रजत जयंती समारोह में भाग लेंगे। आठ हजार 140 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में राज्य आंदोलनकारियों और शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिवारजनों को सम्मानित किया।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मातृशक्ति से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।
- चम्पावत जिले के टनकपुर में आयोजित वृहद रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

............

**प्रधानमंत्री / स्थापना दिवस**

उत्तराखंड कल अपना राज्य स्थापना दिवस मनाएगा। राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह की प्रदेशभर में तैयारियां पूरी हो गई हैं। मुख्य कार्यक्रम देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री आठ हजार 140 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी हैं। ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' के अंतर्गत श्री मोदी 28 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में 62 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी जारी करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे। इस बीच, प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए राजधानी देहरादून में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। साथ ही यातायात प्लान भी जारी किया है।

**राज्य आंदोलनकारी सम्मान**

राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पुलिस लाइन, देहरादून में आयोजित समारोह में राज्य आंदोलनकारियों और शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिवारजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य आंदोलनकारी और उनके आश्रितों की पेंशन बढ़ाने सहित कई अन्य घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के निर्माण में राज्य आंदोलनकारियों और शहीद राज्य आंदोलनकारियों का बहुत बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, आंदोलनकारियों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रही है और देती रहेगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने देहरादून स्थित शहीद स्थल कचहरी परिसर में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कचहरी परिसर शहीद स्थल और पुलिस लाइन देहरादून में राज्य आंदोलनकारियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई।

**सम्मान समारोह**

राज्य स्थापना की रजत जयंती समारोह पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। ऊधमसिंह नगर जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने उपस्थित राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी अनिल चौहान ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने अपना बलिदान देकर और लाठी–डंडे खाकर इस राज्य को बनाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में राज्य ने काफी प्रगति की है।

उधर, चम्पावत, बागेश्वर, अल्मोड़ा, रुद्रप्रयाग, टिहरी, उत्तरकाशी और हरिद्वार जिलों में भी राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया।

**मातृ शक्ति उत्सव**

राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आज हल्द्वानी गौलापार स्थित मानसखंड खेल परिसर में ''मातृ शक्ति उत्सव'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य स्थापना से लेकर अब तक, महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान को सजीव प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। मंचीय प्रस्तुतियों में उत्तराखंड आंदोलन के दौर की झलक से लेकर आज के विकासशील उत्तराखंड की कहानी में नारी शक्ति की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम के दम पर राज्य का मान बढ़ा रही हैं। उन्होंने मातृशक्ति से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। श्रीमती आर्या ने कहा कि राज्य की स्थापना में मातृशक्ति ने निर्णायक योगदान दिया था और आज राज्य की प्रगति यात्रा में भी महिलाओं की भूमिका अग्रणी है। उन्होंने कहा कि अब हमारा अगला लक्ष्य 2047 के विकसित भारत के निर्माण में अपनी पूरी सामर्थ्य और समर्पण से योगदान देना है।

**रोजगार मेला**

राज्य स्थापना के रजत जयंती के उपलक्ष्य में चम्पावत जिले के राजकीय महाविद्यालय, टनकपुर परिसर में आज वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी आर.के पन्त ने बताया कि इस मेले में 26 से अधिक प्रतिष्ठित कम्पनियां भाग ले रही हैं, जिनके माध्यम से चार हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल, स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा करने वाले युवाओं को इस रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार का अवसर मिल रहा है।

रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

**चित्र प्रदर्शनी**

केंद्रीय संचार ब्यूरो, नैनीताल की ओर से आज बागेश्वर के विकास भवन परिसर में केंद्र सरकार के सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रमों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के पिछले 11 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों, योजनाओं और जनहितकारी पहलुओं को चित्रों, व्याख्यानों और संवाद के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ, कपकोट महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुलिका पाठक ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत सपने को पूरा करने के लिए युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भास्कर जोशी ने कहा कि सरकार का प्राथमिक उद्देश्य लाभार्थियों तक योजनाओं को पारदर्शिता और दक्षता के साथ पहुंचाना है।